Schedule XLII-High Court No.(J) 9[Old(M)164]

FORM OF ORDER SHEET

IN THE COURT OF THE DIVISIONAL COMMISSIONER, PURNEA.

Land Dispute Appeal No.- 192/2023

Chhote Lal Mandal .... Appellant.

Versus

Munchun Mandal & Anr .... Respondents.

Serial No.	Date of order of proceeding.	Order with signature of the court.	Office action taken with date
1	2	3	4
	13.10.2023	**आदेश** प्रस्तुत अपील न्यायालय, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, धमदाहा, पूर्णिया द्वारा BLDR वाद सं0–30/2023–24 में दिनांक–21.08.2023 को पारित आदेश के विरूद्ध दायर किया गया है। विलंब क्षांत हेतु पृथक आवेदन दाखिल है। अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता को सुना। निम्न न्यायालय आदेश तथा अभिलेख में संलग्न सुसंगत सभी कागजातों का अवलोकन तथा समीक्षा किया। निम्न न्यायालय आदेश में वर्णित है कि उभय पक्षों के स्वर्गीय पिता श्याम लाल मंडल द्वारा क्रय की गई भूमि का उनके तीनों पुत्रों के बीच बँटवारे को लेकर विवाद है। प्रश्नगत विवाद बिहार भूमि विवाद निराकरण अधिनियम 2009 की धारा–5 के अंतर्गत क्षेत्राधिकार से परे है। इसमें स्वत्व का संशलिष्ट प्रश्न सन्निहित होना स्पष्ट परिलक्षित होता है जिसका विचार सक्षम व्यवहार न्यायालय द्वारा ही किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। अतः उपर्युक्त के आलोक में निम्न न्यायालय आदेश को विधिसम्मत् एवं न्यायोचित पाते हुए किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है। प्रस्तुत अपील वाद को अधिग्रहण के बिंदु पर अस्वीकृत करते हुए वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है। आदेश की प्रति निम्न न्यायालय को भेजें। लेखापित एवं शुद्धित। आयुक्त, पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ। आयुक्त, पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ।	

Web Copy Not Official.

Web Copy. Not Official.